***प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद***

*श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **29-07-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-*

***1- दहेज के लिये प्रताडित कर हत्या करने के अभियोग में वांछित आरोपी को थाना सोनकपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया-***

अवगत कराना है कि दिनांक 12.06.2025 को वादी श्री ताराचन्द पुत्र स्व0 तेज सिंह निवासी मौ0 दुलीवाला टांडा बादली थाना टांडा कोतवाली जनपद रामपुर ने आरोपीगण द्वारा वादी की बहन को दहेज के लिये प्रताडित कर हत्या कर देने के संबंध में थाना सोनकपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना सोनकपुर पर मु0अ0सं0- 48/2025 धारा- 80(2)/85/61(2) बीएनएस व 3/4 दहेज अधिनियम बनाम महेन्द्र आदि के पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 29.07.2025 को थाना सोनकपुर पुलिस द्वारा मुकदमा उक्त में वांछित अभियुक्त महेन्द्र पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम मुड़ियाजैन थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद वर्तमान पता पंडित नंगला थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।




***पंजीकृत अभियोगः-***

मु0अ0सं0- 48/2025 धारा- 80(2)/85/61(2) बीएनएस व 3/4 दहेज अधिनियम

***गिरफ्तार अभियुक्तः-***

महेन्द्र पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम मुड़ियाजैन थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद वर्तमान पता पंडित नंगला थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।

***गिरफ्तार करने वाली टीमः-***

1- उ0नि0 रोबिन शर्मा थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद

2- उ0नि0 केशव त्यागी थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद

3- कां0 चक्रेश चौधरी थाना सोनकपुर जनपद मुरादाबाद।

***2- थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 01 वारण्टीं अभियुक्त को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गयाः-***

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध एंव अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने, वांछित/वारण्टी एंव अपराधों में संलिप्त अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत दिनांक 29.07.2025 को थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त सन्तोष वर्मा पुत्र घासीराम निवासी डबल फाटक थाना कटघर मुरादाबाद सम्बन्धित वारण्ट मु0नं0 6400/18 अ0सं0 67/18 धारा 60 आबकारी अधिनियम को गिरफ्तार कर मा0न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।




***गिरफ्तार वारण्टीः-***

सन्तोष वर्मा पुत्र घासीराम निवासी डबल फाटक थाना कटघर मुरादाबाद।

***3- जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने में 19 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।***

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा **19** व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत **धारा-170/126/135** भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**थाना गलशहीद - 01, थाना भगतपुर - 04, थाना कांठ- 02, थाना छजलैट - 02, थाना मैनाठेर - 01, थाना कटघर - 04, थाना ठाकुरद्वारा - 04, थाना बिलारी - 01, ।**